
# 'मुखी' का तीसरा जन्मदिन गौरव का क्षण

## भारत में ही जन्मी 'मुखी' दे चुकी है पांच शावकों को जन्म



**भोपाल, 29 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कूनो में जन्मी चीता 'मुखी' का तीसरा जन्म-दिन प्रदेश के साथ ही पूरे देश के वन्य-जीव संरक्षण के लिए गौरव का क्षण है. प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में जन्मी भारतीय चीता 'मुखी' ने रविवार को तीन वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है. डॉ. यादव ने कहा कि 'चीता परियोजना' का भविष्य स्वर्णिम है.**

उन्होंने कहा कि यह परियोजना के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. 'चालित 'चीता परियोजना' लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही है. चीता 'मुखी' की कहानी भारत में चीतों की पुनर्स्थापना के प्रयासों के दृढ़ संकल्प, श्रेष्ठ वैज्ञानिक प्रबंधन और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है. कूनो नेशनल पार्क में 29 मार्च को 'मुखी' के तीसरे जन्म-दिवस के अवसर पर एक विशेष और भावनात्मक वातावरण देखने को मिला. एक नन्हे शावक से आत्म-विश्वास लबरेज फर्राटे भरती वयस्क चीता और अब एक माँ बनने तक की मुखी की यात्रा प्रेरणादायक रही है. यह यात्रा इस बात का संकेत है कि भारत में चीतों के संरक्षण और पुनर्वास के प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. चीता मुखी का जन्म 29 मार्च 2023 को नामीबिया से लाई गई 'ज्वाला' की कोख से हुआ था. वह चार शावकों के समूह में एकमात्र जीवित बची थी. भीषण गर्मी के कारण उसके अन्य तीन भाई-बहन जीवित नहीं रह सके. बाद में उसकी उचित देखभाल की गई और वह अब तक पांच शावकों को जन्म दे चुकी है.

### एमएसएमई इकाइयों को होगा 169 करोड़ का अंतरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास पर सोमवार 30 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करेंगे. साथ ही स्टार्टअप को भी लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी प्रदान करेंगे. एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कार्यक्रम में लघु उद्योग निगम की ओर से मंत्री काश्यप 8 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश राशि का चैक भी सौंपेंगे. मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति एवं कार्यान्वयन ईआईआर योजना अंतर्गत सहायता के रूप में प्रदेश के 43 ज़िलों के 286 स्टार्टअप्स को 3.43 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रथम क़िस्त की राशि 28.6 लाख का वितरण सिंगल क्लिक से करेंगे.

# 2050 स्थानों पर जाँच कर 2912 सिलेंडर किये गये जप्त

**भोपाल, 29 मार्च. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि मध्यप्रदेश में एलपीजी पेट्रोल, डीजल, पीएनजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है. भारत में कच्चे तेल का भी पर्याप्त भण्डार है.**

प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है. अभी तक 2050 स्थानों पर जांच की गई तथा 2912 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए. साथ ही 9 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई. प्रदेश के 325 रिटेल आउटलेट की जांच कराई गई है, जिसमें 01 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है. प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं.

### पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता

प्रदेश में आज की स्थिति में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल/डीजल (रूऱ्/ ॥स्ष्ठ) का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है. पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की कमी की कोई स्थिति नहीं है एवं कंपनी के डिपो से भी डीजल/पेट्रोल की लगातार कंपनी द्वारा पूर्ति की जा रही है.

# नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की नियुक्तियां

## 768 एल्डरमैन किए गए नियुक्त

**भोपाल, 29 मार्च. मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने रविवार को बहुप्रतीक्षित कदम उठाते हुए नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की नियुक्तियां कर दीं. अभी 123 नगर परिषदों में चार चार एल्डरमैन और 46 नगर पालिका परिषदों में 6-6 एल्डरमैनों की नियुक्तियां की गई हैं.**

ये नियुक्तियां प्रदेश भाजपा संगठन की सिफारिश पर विधिवत तरीके से राज्य सरकार ने की हैं. माना जा रहा है कि अब शीघ्र ही शेष नगरीय निकायों में भी एल्डरमैनों की नियुक्तियां की जाएंगी. अभी नगर निगमों में भी एल्डरमैन नियुक्त होंगे. शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल के बीच काफी लंबी बैठक हुई है. इसके एक दिन बाद एल्डरमैनों की नियुक्तियां संबंधी आदेश जारी हुए. अनुमान है कि अब राज्य सरकार के विभिन्न निगम और मंडलों में भी राजनीतिक नियुक्तियां संबंधी आदेश शीघ्र जारी होंगे. नगरीय प्रशासन विभाग ने 123 नगर परिषद में 492 और 46 नगर पालिका में 276 एल्डरमैन नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं.

### सीएम ने नवनियुक्त एल्डरमैनों को दीं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगरीय निकायों में नवनियुक्त एल्डरमैनों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं. उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि आप सभी को शहर के समग्र विकास, सुशासन और जन-भागीदारी को बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हैं. मुझे विश्वास है कि विकसित मध्य प्रदेश-विकसित भारत के संकल्प के साथ आप सभी अपनी ऊर्जा, अनुभव और समर्पण से अपने-अपने नगरों में प्रगति के नए आयाम जोड़ेंगे. नागरिकों की अपेक्षाओं पर शत प्रतिशत खरा उतरेंगे. नगरीय निकायों में एल्डरमैन एक तरह से सरकार की ओर से नियुक्त पार्षद हैं, जो बैठकों में हिस्सा लेकर अपने विचार रख सकते हैं, लेकिन उन्हें वोट करने का अधिकार नहीं है.

### नवदुर्गा पर्व के दौरान पुलिस ने सुरक्षा सुनिश्चित की

**भोपाल.** नवदुर्गा और अष्टमी पर्व के दौरान मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर उमड़ी भारी भीड़ के बीच मध्यप्रदेश पुलिस ने पूरे प्रदेश में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूती से बनाए रखा. पुलिस बल लगातार तैनात रहकर श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन और सुचारु व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करता रहा. मैहर स्थित मां शारदा मंदिर में पुलिस ने सेवा और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया. ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने एक दिव्यांग श्रद्धालु को गोद में उठाकर सुरक्षित रूप से मंदिर तक पहुंचाया और उन्हें बिना किसी असुविधा के दर्शन कराए. इस मानवीय कार्य की उपस्थित श्रद्धालुओं ने सराहना की.

# भोपाल समेत कई जिलों में बारिश के आसार


## ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड में ज्यादा असर



**भोपाल, 29 मार्च. मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम तेजी से करवट बदल रहा है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को भोपाल, इंदौर सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है.**

इस बदलाव का मुख्य कारण सक्रिय मौसमी तंत्र है, जिसमें पश्चिमी विक्षोभ, ट्रफ लाइन और ऊपरी वायु चक्रवात का संयुक्त प्रभाव शामिल है. पिछले 24 घंटों के दौरान रीवा, भिंड और दतिया में हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि नर्मदापुरम में गर्मी अपने चरम पर रही. यहां अधिकतम तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. इसके विपरीत पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना सहित सात से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि हो सकती है. भोपाल और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश के आसार हैं. वहीं उज्जैन, इंदौर और मालवा-निमाड़ क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है. इस मौसम परिवर्तन का असर तापमान पर भी पड़ेगा. अनुमान है कि अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलेगी.



## भोपाल में हेमंत खंडेलवाल ने सुनी 'मन की बात'

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को भोपाल मध्य विधानसभा के अरेरा मंडल के बूथ क्रमांक-229 पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया. इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, जिला प्रभारी जसवंत सिंह हांडा, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक पुरोहित, पार्षद अरविंद वर्मा, बूथ अध्यक्ष सुनिल वर्मा एवं मन की बात प्रभारी सुमित पांडे उपस्थित रहे.

# एमपी की नर्सिंग स्नातक बनीं नेपाल की स्वास्थ्य मंत्री

विशेष संवाददाता



**भोपाल, 29 मार्च. मध्यप्रदेश की नर्सिंग शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्राप्त हुआ है. प्रदेश की पूर्व नर्सिंग छात्रा निशा मेहता को नेपाल में हालिया राजनीतिक बदलाव के बाद वहां की स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री नियुक्त किया गया है.**

इस नियुक्ति को न केवल प्रदेश बल्कि वैश्विक नर्सिंग समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है. एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने निशा मेहता को बधाई देते हुए कहा कि यह मध्यप्रदेश से जुड़े हर नर्सिंग छात्र-छात्रा के लिए गर्व का क्षण है. उन्होंने कहा कि पहली बार विश्व स्तर पर नर्सिंग पेशे से जुड़े किसी प्रतिनिधि को इतने महत्वपूर्ण मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो इस क्षेत्र की नेतृत्व क्षमता और दक्षता को दर्शाता है. परमार ने बताया कि निशा मेहता ने वर्ष 2006 से 2010 के बीच एम्स दिल्ली से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की. इसके बाद उन्होंने ग्वालियर स्थित पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज ऑफ नर्सिंग से एमएससी नर्सिंग की डिग्री हासिल की.

# दो दिवसीय विधायक सम्मेलन आज से

**भोपाल, 29 मार्च. राष्ट्रकुल संसदीय संघ के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30-31 मार्च को विधानसभा में आयोजित किया जा रहा है.**




विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम सफल एवं सुचारु रूप से संपन्न हो इस के लिये संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए.इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे. तोमर ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना और युवा जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर मंथन करना है. सम्मेलन में कुल पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पहले दिन तीन और दूसरे दिन दो सत्र होंगे. सम्मेलन में 45 वर्ष से कम उम्र वाले मध्यप्रदेश के 37, राजस्थान के 13 और छत्तीसगढ़ के 13 विधायक शामिल होंगे.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उपस्थित रहेंगे. अन्य सत्रों के अलावा एमआईटी पूना के चेयरमैन डॉ. राहुल वी. कराड का संबोधन होगा. समापन समारोह में राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश उपस्थित रहेंगे. संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार उपस्थित रहेंगे.

### एक नजर में

#### उज्जैन जिले में 800 युवा आपदा मित्र तैयार

**उज्जैन.** जिले में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के तहत 800 युवाओं को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, जो विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए तैयार हैं. जिला कमांडेंट होमगार्ड संतोष कुमार जाट ने बताया कि आपदा मित्र योजना का द्वितीय सत्र 23 से 29 मार्च तक होमगार्ड लाइन में संचालित किया गया. इस दौरान 165 युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया. जिले में अब तक कुल 800 युवा आपदा मित्र तैयार किए जा चुके हैं.

# किसानों के साथ 'अन्याय' का आरोप

## चौधरी ने गेहूं खरीदी में देरी पर भी उठाए सवाल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने रविवार को मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया.**



उन्होंने कहा कि सरकार के फैसलों से किसानों को गंभीर नुकसान हो रहा है. पीसीसी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की बदहाल स्थिति के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री दोनों जिम्मेदार हैं. उन्होंने सहकारी ऋण वसूली की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग करते हुए 28 मार्च की समय-सीमा को 'अन्यायपूर्ण' बताया. चौधरी ने गेहूं खरीदी में देरी पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि खरीदी 16 मार्च से शुरू होनी थी, जिसे बढ़ाकर 1 अप्रैल कर दिया गया, जिससे किसान अपनी उपज कम दामों पर बेचने को मजबूर हैं. कई क्षेत्रों में खरीदी की व्यवस्था अब भी अपर्याप्त बताई गई.

उन्होंने आरोप लगाया कि 2700 रुपये प्रति क्विंटल का वादा पूरा नहीं हो रहा है और किसानों को 1800 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल के बीच ही फसल बेचनी पड़ रही है. साथ ही बिजली बिल, ईंधन की कमी और बढ़ती महंगाई पर भी चिंता जताई. चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यदि जल्द राहत उपाय नहीं किए गए तो कांग्रेस किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी.

# दिल्ली-अशोकनगर के बीच स्पेशल ट्रेन

**भोपाल, 29 मार्च. यात्रियों की सुविधा और बैसाखी के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने दिल्ली से अशोकनगर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन एक-एक फेरे के लिए चलाई जाएगी, जिससे तीर्थयात्रियों और आम यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी.**



गाड़ी संख्या 04004 दिनांक 11 अप्रैल 2026 को दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से दोपहर 12:15 बजे रवाना होकर 12 अप्रैल को सुबह 4:00 बजे अशोकनगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 04003, 15 अप्रैल 2026 को अशोकनगर से शाम 5:00 बजे प्रस्थान कर 16 अप्रैल को सुबह 8:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी.

इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे, जिनमें स्लीपर, जनरल और एसएलआर कोच शामिल हैं, जिससे अधिक संख्या में यात्रियों को यात्रा की सुविधा मिल सकेगी. ट्रेन मार्ग में मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन, आगरा कैंट रेलवे स्टेशन, ग्वालियर जंक्शन रेलवे स्टेशन और बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी. यात्री इस ट्रेन के लिए आरक्षण आईआरसीटीसी वेबसाइट या किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र से करा सकते हैं.

### रेलकर्मी, पेंशनर्स रहें साइबर ठगी से सतर्क

**भोपाल.** भोपाल मंडल ने रेलकर्मियों और पेंशनर्स के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है. हाल में कुछ ठग खुद को रेलवे अधिकारी बताकर कर्मचारियों, खासकर सेवानिवृत्त या रिटायरमेंट के करीब लोगों को फोन कर बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी और पिन जैसी गोपनीय जानकारी मांग रहे हैं. भारतीय रेलवे का कोई भी अधिकारी फोन पर ऐसी जानकारी नहीं मांगता, इसलिए ऐसी कॉल पूरी तरह फर्जी हैं. एडवाइजरी में कहा गया है कि किसी भी स्थिति में ओटीपी, पासवर्ड या बैंक डिटेल साझा न करें और अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें. किसी भी सूचना की पुष्टि संबंधित कार्यालय या बैंक से करें और संदिग्ध कॉल की तुरंत शिकायत करें. साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करने की सलाह दी गई है.

**प्रवेश प्रारंभ**

मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं सभी संकाय में, IT I योगा, DCA, PGDCA,
परीक्षा :- मई /जून / दिसंबर में
संपर्क :- सपना, ओपन स्कूल पैकौरी, जिला सतना (म.प्र.)
मो.-9302962689, 9754501295

**नाम सुधार सूचना**

मेरी हाई स्कूल की अंक सूची केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) जिसका अनुक्रमांक 19183381 में कार्तिकेय नामदेव माता का नाम श्रेस्टी नामदेव (SHRISTI NAMDEV) दर्ज हो गया है जबकि मेरी माता का वास्तविक नाम श्रीती नामदेव ( SHREETEE NAMDEV) होना चाहिए। मेरी माता का नाम आधार कार्ड संख्या 451449273473 सहित अन्य दस्तावेजों में भी श्रीती नामदेव ( SHREETEE NAMDEV) ही दर्ज है जो सत्य एवं सही है। अत: मेरी माता का नाम श्रीती नामदेव (SHREETEE NAMDEV) दर्ज करके अंक सूची में सुधार किया जाए।
प्रार्थी :- कार्तिकेय नामदेव
चाकघाट, जिला- रीवा (म.प्र.)

**चिंता** | कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार को घेरा

# 19.12 करोड़ के सिंचाई घोटाले का आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जल संसाधन विभाग में कथित बड़े वित्तीय घोटाले को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चिंताजनक स्तर तक पहुंच गया है.**



पटवारी ने कहा कि विभागीय अधिकारियों ने गणना में हेरफेर, आधार महीनों का मनमाना चयन और सूचकांकों में बदलाव कर ठेकेदारों को 19.12 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान कराया, जिससे राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ. अनियमितताओं का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि सिंगरौली के रिहंद माइक्रो सिंचाई परियोजना में 8.95 करोड़ रुपये, शहडोल की भन्नी माइक्रो परियोजना में 3.14 करोड़ रुपये, दमोह में ग्रैविटी बांध निर्माण में 2.46 करोड़ रुपये, डिंडोरी की मुरकी परियोजना में 2.27 करोड़ रुपये की वसूली नहीं हुई, जबकि सिवनी की तिलवाड़ा नहर परियोजना में 1.49 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया.

उन्होंने इन गड़बड़ियों को महज लापरवाही नहीं, बल्कि 'सुनियोजित भ्रष्टाचार' करार दिया.

पटवारी के अनुसार, ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए जानबूझकर गलत आधार सूचकांक लागू किए गए. उन्होंने आरोप लगाया कि फलोदी कंस्ट्रक्शन और गुप्ता कंस्ट्रक्शन जैसी कुछ कंपनियां बार-बार बड़े टेंडर हासिल कर रही हैं, जिससे पक्षपात की आशंका बढ़ती है. साथ ही, विभागीय कार्यों में कुछ गैर-सरकारी व्यक्तियों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कार्रवाई न होने पर चिंता जताई.

पन्ना जिले के एक अन्य मामले का उल्लेख करते हुए पटवारी ने 47 लाख रुपये के अनियमित भुगतान पर सरकार द्वारा नरम रुख अपनाने की आलोचना की. कांग्रेस ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच, दोषियों पर सख्त आपराधिक कार्रवाई, नुकसान की भरपाई और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है.

# 20 घायलों को पहुंचाया अस्पताल

## डायल-112 टीम ने की त्वरित और समन्वित कार्रवाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 मार्च. मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 टीम ने त्वरित और समन्वित कार्रवाई करते हुए टीकमगढ़ जिले में ट्रैक्टर और बोलेरो की टक्कर में घायल लगभग 20 लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया.**



इस त्वरित कार्रवाई के चलते सभी घायलों को शीघ्र चिकित्सकीय सहायता मिल सकी. अधिकारियों के अनुसार, 28 मार्च 2026 को भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल-112 कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बड़ागांव क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोपालपुरा के पास एक सड़क दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए हैं और तत्काल सहायता की आवश्यकता है.

सूचना मिलते ही फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया.

मौके पर पहुंचकर आरक्षक लक्ष्मण लोधी एवं पायलट शैलेश त्रिपाठी ने बिना विलंब राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया.

समन्वित प्रयासों और चिकित्सा वाहनों की सहायता से सभी घायलों को शीघ्रता से शासकीय अस्पताल, बड़ागांव पहुंचाया गया.

यह घटना डायल-112 सेवा की त्वरित, प्रभावी और संवेदनशील कार्यप्रणाली को दर्शाती है, जो आपात स्थितियों में तत्परता से सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है.